# University in News on 04 October 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि के विद्यार्थी राजभवन में पुरस्कृत

लखनऊ। राजभवन में आयोजित जीवंत रचनात्मक कौशल बौद्धिक प्रदर्शन की प्रतियोगिता हुई। इसमें लखनऊ विवि के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बीवीए के राजेश वर्मा व सिमरन ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतीक मिश्रा वाद-विवाद में अव्वल रहे। राज्यपाल ने उन्हें पुरस्कृत किया। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 6

### दशहरे पर तीन दिन बंद रहेगा एलयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दशहरा पर तीन दिन का अवकाश रहेगा। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर एलयू दशहरे के उपलक्ष में 10 से 13 अक्तूबर तक बंद रहेगा।

### एलयू: सीखने की बदलती व्यवस्था पर बात की

लखनऊ। एलयू के शिक्षाशास्त्र विभाग में शिक्षा अनुसंधान में डाटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने की। इस दौरान देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व संकायाध्यक्ष प्रो. एसके त्यागी ने शिक्षण और सीखने की बदलती व्यवस्था पर बात की।

### एलयू में बीफार्मा प्रथम वर्ष की कक्षाएं शुरू

लखनऊ। एलयू के भेषजिक विज्ञान संस्थान में नवरात्र के पहले दिन बीफार्मा प्रथम वर्ष सत्र 2024 -25 की कक्षाएं प्रारम्भ की गई। यहां द्वितीय वर्ष के छात्रों ने नवप्रवेशित छात्रों का पुष्प और रंगोली सजाकर स्वागत किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के इतिहास एवं उपलब्धियों के बारे में चर्चा हुई। विद्यार्थियों ने विस्तार से विश्वविद्यालय के इतिहास के बारे में जाना।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### विदेशी छात्रों ने भी लिया बीफार्मा में प्रवेश, कक्षाएं आरंभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान में नवरात्रि के अवसर पर बीफार्मा प्रथम वर्ष सत्र 2024 -25 की कक्षाएं प्रारंभ हो गई। कुलपति प्रो० आलोक कुमार राय के कुशल नेतृत्व में संस्था का चौथा बैच प्रारम्भ हो गया। नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत बीफार्मा द्वितीय वर्ष के छात्रों ने रंगोली सजा कर व पुष्प देकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का प्रारम्भ दीपप्रज्वलन करके निदेशक व शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक, पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को फार्मेसी विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए उनके दायित्वो के लिए प्रेरित किया। प्रथम वर्ष के 80 से अधिक छात्रों की उपस्थिति रही। इसमें सूडान, तुर्कमेनिस्तान व अन्य देशों के विदेशी छात्रों ने भी प्रवेश लिया है। कार्यक्रम का संयोजन शानू सिंह, असिस्टेंट प्रोफसर ने किया व डॉ रोहित सिंह, डॉ लुबना आजमी, करिश्मा सिंह, व डॉ प्रणेश कुमार उपस्थित रहे।

### 10 से 13 अक्टूबर तक रहेगा दशहरा का अवकाश

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में दशहरा त्योहार को लेकर 10 से 13 अक्टूबर तक अवकाश घोषित किया गया है। इस लेकर कुलपति प्रो आलोक राय ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिखकर सूचित किया है। विश्वविद्यालय की कक्षाएं आगामी 14 अक्टूबर से आरंभ हो जाएंगी।

### राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में लविवि छात्रों ने जीते पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊः राजभवन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता आधुनिक भारतीय रेल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एक जिला एक उत्पाद में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने हिस्सा लिया। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के छात्रों ने चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी विश्वविद्यालयों से 5 छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। लखनऊ विश्वविद्यालय के राजेश वर्मा और सिमरन ने पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, लखनऊ विश्वविद्यालय के अभिषेक अवस्थी और प्रतीक मिश्रा ने राजभवन में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया और क्रमशः प्रथम और तृतीय पुरस्कार जीते।

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू के स्टूडेंट्स ने जीता पुरस्कार

LUCKNOW : राजभवन में हाल ही में चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में लखनऊ यूनिवर्सिटी के चार छात्र-छात्राओं ने पुरस्कार जीता है. चित्रकला प्रतियोगिता में बीवीए चौथे वर्ष अप्लाइड आर्ट के राजेश वर्मा ने पहला, तीसरे वर्ष चित्रकला की छात्रा सिमरन ने दूसरा, वाद-विवाद प्रतियोगिता में अभिषेक अवस्थी ने पहला और प्रतीक मिश्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया.

## SWATANRA BHARAT PAGE 2

### एलयू में बी.फार्मा प्रथम वर्ष की कक्षाएं प्रारम्भ



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भेषजिक विज्ञान संस्थान में बी.फार्मा प्रथम वर्ष सत्र 2024-25 की कक्षाएं प्रारम्भ की गयी। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में संस्था का चौथा बैच प्रारम्भ हो गया। नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत बी.फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्रों ने हर्षोउल्लास के साथ संस्थान के द्वार पर रंगोली सजाकर एवं पुष्प देकर किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन करके निदेशक एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को संस्थान एवं विश्वविद्यालय के इतिहास एवं उपलब्धियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर निदेशक पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को फार्मेसी विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए उनके दायित्वों के लिए प्रेरित किया। प्रथम वर्ष के 80 से अधिक छात्रों की उपस्थिति रही। इसमें सूडान, तुर्कमेनिस्तान एवं अन्य देशों के विदेशी छात्रों ने भी प्रवेश लिया है जिनकी उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संयोजन शानू सिंह असिस्टेंट प्रोफसर ने किया। डॉ.रोहित सिंह, डॉ.लुबना आज़मी, करिश्मा सिंह एवं डॉ.प्रणेश कुमार उपस्थित रहे।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### कठिन अवधारणाओं को रोचक ढंग से समझाया

- शिक्षा अनुसंधान में डाटा विश्लेषण एवं व्याख्या पर व्याख्यान संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग में गुरुवार को एक प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रो. एसके त्यागी (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर) ने अपनी उपस्थिति से छात्रों और शोधार्थियों को लाभान्वित किया।



कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार ने प्रो. त्यागी के करियर और शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान में शिक्षा अनुसंधान में डेटा विश्लेषण और व्याख्या नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने पर प्रकाश डाला गया। प्रो. त्यागी ने अपनी चिर-परिचित शैली में हंसी, ज्ञान और गहन अंतर्दृष्टियों के साथ शिक्षण और सीखने की बदलती गतिशीलताओं पर भी प्रकाश डाला। इस व्याख्यान को विशिष्ट बनाने वाला मुख्य तत्व था प्रो. त्यागी द्वारा कहानी कहने की कला, जहां उन्होंने वास्तविक दुनिया के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए, कठिन अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से समझाया।

अंत में प्रश्नोत्तर सत्र ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया, जहां प्रतिभागियों ने उत्सुकतापूर्वक शिक्षा अनुसंधान में डेटा विश्लेषण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रो. त्यागी के विचार मांगे। उनके गहन और चिंतनशील उत्तरों ने सीखने के अनुभव को और भी समृद्ध बना दिया। कार्यक्रम का समापन प्रो. त्यागी के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने नए विचारों की चिंगारी प्रज्वलित की और शैक्षणिक प्रथाओं को आगे बढ़ाने में उनके समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस दौरान विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. श्रवण कुमार, डॉ. सुमित गंगवार, डॉ. सूर्य नारायण, डॉ. देवेंद्र कुमार सहित विभाग के छात्रों और शोधकर्ता की उपस्थिति रही।

## HT PAGE 4

### LU announces Dussehra holiday

LUCKNOW : Lucknow University will remain closed from October 10-13 on account of Dussehra, announced a notice issued by registrar Vidhyananda Tripathi on Thursday. HTC